हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 30 अगस्त 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

06 किराया वसूली के लिए नगर पालिका ने जारी किए...



10 खेल दिवस के पर हॉकी, कबड्डी कुश्ती प्रतियोगिता...



## खबर संक्षेप

### जिला दंडाधिकारी ने एक को किया जिला बदर

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोनिया मीना द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत एक प्रकरण में अपराधी को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किये जाने के आदेश पारित किये है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश अनुसार पिपरिया के ग्राम सांडिया निवासी नितेश उर्फ नित्तू पिता भगवत सिंह राजपूत उम्र 26 वर्ष थाना पिपरिया को नर्मदापुरम जिले एवं उसे लगे सीमावर्ती जिलो की राजस्व सीमाओं से 1 वर्ष की अवधि के लिए जिलाबदर की कार्यवाही की गई है।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई

**नर्मदापुरम।** जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्टोरेट में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से वन, वन क्षेत्र में अतिक्रमण, वन संपदा और वन्य प्राणियों की सुरक्षा तथा फसल क्षति की समस्या के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए की सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के क्षेत्र प्रभाव वाले विस्थापित ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं को पुख्ता किया जाए।

### एक बार फिर तवा के 3 गेट खोले गए, अभी और हो सकती है बारिश

# दिन भर रंग दिखाता रहा मौसम सुबह धूप, दोपहर में हुई तेज बारिश

जिले में शुक्रवार को दिन में हुई जोरदार बारिश ने मौसम में टंडक घोल दी। आने वाले दिनों में मौसम विभाग ने बारिश का अनुमान जताया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शुक्रवार का दिन मौसम में बदलाव देखा गया जहां सुबह से धूप, छांव का दौर बना रहा। वहीं दोपहर 3.20 बजे से करीब 20 मिनट तक झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से वातावरण में ठंडक घुल गई। लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। तापमान में भी 2.5डिग्री की गिरावट हुई। शुक्रवार को दोपहर का तापमान 31.2डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है। इससे एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। सिस्टम के सक्रिय होने में 48 घंटे लग जाएंगे। इसके बाद तेज बारिश हो सकती है। जिले में 18 जून को मानसून आया है। तब से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बन रहा सिस्टम जल्द सक्रिय होगा।

#### लबालब भरा तवा डैम बैकवाटर क्षेत्र

अच्छी बारिश के चलते तवा डैम का बैकवाटर एरिया जल से लबालब है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टूरिज्म जोन मढ़ई के समीप का क्षेत्र अथाह जल राशि से घिरा है और प्रकृति अपने सुंदरतम स्वरूप में है।



#### 30 सितंबर तक होती है बारिश

नर्मदांचल में वर्षा ॠतु 30 सिंतबर तक मानी जाती है। ऐंसे में अभी बारिश के लिए एक माह और शेष हैं वहीं दूसरी ओर अभी औसत बारिश के लिए लगभग 50 मिमी वर्षा और होना है। हालाकि जिले में अभी तक 1085.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1013.9 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 25 अगस्त से 26 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 9.3 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 4.0 मिलीमीटर, इटारसी में 0.0 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 4.3 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। सेठानी घाट 943.00 फीट तवा डेम 1164.30 फीट बरगी डेम 422.90 मीटरबारना डेम 348.17 मीटर दर्ज किया गया।

#### 3-3 फीट खोले गए डैम के गेट

एक बार फिर तवा डेम के 3 गेट 3-3 फीट खुले है। जिससे 15666 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बरगी डेम के 4गेट 1/2 मीटर व 5 गेट 01मीटर खुले हुए। कुल 09गेट से पानी छोड़ा जा रहा है। बताया जाता है कि डेम को गवर्निंग लेवल तक रखा जाता है जिसके लिए पानी छोड़ा जा रहा है।

#### फसलों के लिए है अनुकूल बारिश

इस सीजन में फसलों के लिहाज से बारिश का आंकड़ा राहत देने वाला है। खरीफ की फसल के लिए अच्छी बारिश हुई है। आने वाले समय में मौसम विभाग द्वारा बारिश का जो अनुमान जताया जा रहा है उसके देखते हुए इस खरीफ सीजन में धान के साथ-साथ मक्का और सोयाबीन की फसलों को पकने के लिए आने वाली बारिश सोने पर सुहागा साबित होगी।

## रेलवे स्टेशन पर 100 से ज्यादा अवैध वेंडर और संदिग्ध पकड़े

### आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे प्रशासन और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की एक संयुक्त टीम ने इटारसी रेलवे स्टेशन पर बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों में शामिल 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई भोपाल से आई आरपीएफ की विशेष टीम, असिस्टेंट कमांडेंट और स्थानीय आरपीएफ स्टाफ द्वारा की गई। अवैध गतिविधियों पर नकेल टीम ने स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्मों पर अचानक दबिश दी।

इस दौरान अवैध वेंडरों, यात्रियों से जबरन पैसे वसूलने वाले किन्नरों, महिलाओं और बिना टिकट प्लेटफॉर्म पर घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों पर शिकंजा कसा गया। पकड़े सभी लोगों को आरपीएफ थाने लाया गया, जहां उनसे गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद, उनके खिलाफ रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए। इन सभी पर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन पर जुर्माना लगाया गया।

#### शिकायतों के आधार पर हुई कार्रवाई

आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि पिछले काफी समय से स्टेशन पर अवैध वेंडिंग और बिना टिकट घूमते संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके अलावा, कई यात्रियों ने किन्नरों द्वारा जबरन वसूली की शिकायत भी की थी। इन सभी शिकायतों को देखते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया। आरपीएफ थाना प्रभारी अनुराधा मिश्रा ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## एमपी ट्रांसको कंपनी इटारसी के गप्पू सिंह हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

चिलचिलाती भीषण गर्मी में 400 के.व्ही. लाइनों के 50 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक तापमान के क्षतिग्रस्त टॉवरों की मरम्मत कर पुर्नस्थापना में विशेष योगदान देने वाले एम.पी. ट्रांसको के वरिष्ठ लाइन कार्मिक गप्पू सिंह को मुख्यालय जबलपुर में आयोजित एक समारोह में एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने सम्मानित कर पुरूस्कृत किया। उल्लेखनीय है ग्रीष्म ॠतु में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन की 400 के.व्ही. भोपाल-इटारसी एवं 400 के.व्ही. बीना-भोपाल लाइन के अनेक टावर क्षतिगस्त हो गये थे। राजधानी भोपाल से जुड़ी इस अति महत्वपूर्ण लाइन के टावरों के कम से कम समय में पुर्नस्थापना कार्य को गप्पू सिंह ने एम.पी. ट्रांसकों की विभिन्न टीमों के कार्मिकों से समन्वय बनाकर न्यूनतम संभव समय में कर दिखाया। उनके इस सराहनीय कार्य के कारण भोपाल-इटारसी 400 के.व्ही की सप्लाई जल्द बहाल हो सकी। इस अति विशिष्ट कार्य के लिये जबलपुर में आयोजित समारोह में गप्पू सिंह को प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

## नपा का एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी नपाध्यक्ष ने पर्यावरण संवारने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




पर्यावरण को संवारने के लिए नगरपालिका द्वारा नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर वार्डवार पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा अमृत हरित महाभियान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज नगर के दो स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया गया। सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि वार्ड नंबर 8 पार्षद रिचा जीतू तिवारी के वार्ड में सरस्वती शिशु मंदिर और हर्बल पार्क में नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा पौध रोपण किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। पर्यावरण का संरक्षण अधिक से अधिक पौधरोपण कर करें। पौधरोपण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रिचा जीतू तिवारी सहित नगरपालिका की टीम उपस्थित रहीं।

## अनुभागों में किसान संगठनों के साथ खाद वितरण के लिए की जा रही समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में किसानों को समय पर एवं उचित दर पर खाद उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से समस्त अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) द्वारा निरंतर निरीक्षण एवं बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी एसडीएम नियमित रूप से किसान संगठनों के साथ बैठक आयोजित करें, खाद वितरण की रूपरेखा तैयार करें तथा निजी खाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच कर कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

इसी क्रम में, इटारसी में एसडीएम श्री प्रतीक राव ने अग्रवाल फ़र्टिलाइज़र एवं गोठी फ़र्टिलाइज़र दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएपी स्टॉक-पंजी,



बिल, खाद-बीज एवं डीएपी, यूरिया स्टॉक की गहन जांच की गई। एसडीएम ने निर्देश दिए कि किसानों को निर्धारित दर पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि आगामी दिनों में अन्य निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच भी की जाएगी। सिवनी मालवा में एसडीएम सरोज सिंह परिहार की अध्यक्षता में किसान संघ, कृषि विभाग के अधिकारियो की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।

## नर्मदा में नहाते समय तेज बहाव में आने से युवक डूबा, लापता युवक की तलाश में जुटी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के पोस्टऑफिस घाट पर शुक्रवार को एक 25 साल का युवक डूब गया। बैतूल जिले के अधारिया गांव का रहने वाला युवक अपने परिवार के साथ नर्मदापुरम आया हुआ था।

शुक्रवार शाम करीब 4 बजे युवक राहुल पिता रामचन्द्र 25 नहाने के लिए पोस्ट ऑफिस घाट गया था। जलस्तर ज्यादा होने से घाट किनारे नहा रहा था। अचानक गहरे पानी में वो चला गया। जिससे डूब गया। बहाव तेज होने से आगे बह भी गया। परिजनों की सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस, एसडीईआरएफ, होमगार्ड



मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोर और एसडीईआरएफ टीम ने युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू शुरू किया।

शाम 7 बजे अंधेरा होने तक रेस्क्यू चला। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। कोतवाली थाने के एसआई अनुज बघेल ने बताया युवक राहुल आमला के ग्राम अधारिया का रहने वाला है। गहरे पानी में डूब गया। ढूंढने के लिए रेस्क्यू चलाया गया। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। अब शनिवार सुबह फिर से तलाश की जाएगी।

## कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों की अंतिम सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार कार्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना नर्मदापुरम ग्रामीण परिक्षेत्राांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। ऑनलाइन आवेदन 20 जून से 4 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किए गए थे। चयन प्रक्रिया में शैक्षिक योग्यता और अन्य निर्धारित मापदंडों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की गई है। नर्मदापुरम जिले में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ग्रामीण ने बताया कि रोजडा आंगनवाड़ी केंद्र में प्रियंका को कार्यकर्ता पद पर चयनित किया गया है। तथा पर्रादेह आंगनबाड़ी केन्द्र में कविता को, डोलरिया-06 आंगनबाड़ी केंद्र में सुनिता बामने को, लोहारियाकला आंगनवाड़ी केंद्र में नंदनी शर्मा को, घानावड़ मिनी आंगनवाड़ी केंद्र में आशा सौर को, कुलामड़ी मिनी आंगनवाड़ी केंद्र में शिक्षा यादव को, डोंगरवाड़ा मिनी आंगनवाड़ी केंद्र में शिवानी दायमा को, डोलरिया मिनी आगनबाडी केन्द्र में सोनाली बनवार आदि को चयनित किया गया है।

## फिट इंडिया के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगा सांसद खेल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस वर्ष सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल,स्पोर्ट्स कल्चर एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है। आगामी संसद खेल महोत्सव लेकर प्रारंभिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा, खेलों के चयन एवं प्रतिभागियों के पंजीयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में



जिला खेल अधिकारी उमा पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में महोत्सव के अंतर्गत सम्मिलित किए जाने वाले 5 पारंपरिक और 3 देशज खेलों की प्रतियोगिता आयोजित करने को लेकर एवं समन्वय स्थापित करने पर विचार-विमर्श किया गया। सांसद श्रीमति नारोलिया ने कहा कि यह महोत्सव न केवल युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करेगा, बल्कि परंपरागत एवं लोक खेलों को संरक्षित कर उन्हें नई पीढ़ी से जोड़ने का कार्य भी करेगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, लक्ष्मण सिंह बेस, विशाल दीवान, सुंदरम अग्रवाल एवं गोपाल चौरे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नपाध्यक्ष ने किया वार्ड 32 में बन रही सड़क का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगरपालिका द्वारा नगर में विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर में प्रत्येक वार्ड में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य किए जा रहे हैं। आज वार्ड नंबर 32 में बन रही सड़क का निरीक्षण किया गया। नपाध्यक्ष द्वारा वार्ड पार्षद सिमरन रैकवार के वार्ड में बन रही है सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। साथ ही निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के साथ वार्ड पार्षद सिमरन रैकवार और वार्डवासी उपस्थित थे। सड़क बनने पर सभी ने नपाध्यक्ष का आभार माना।

### नर्मदापुरम में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस, स्कूल और महाविद्यालयों में हुई खेल गतिविधियां

## खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए बच्चों संग सांसद द्वय ने किया शानदार प्रदर्शन खींची रस्सी, खेली हॉकी और खेलो में हिस्सा लेने बच्चों का किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम बड़े उत्साह और जोश के साथ एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया एवं सांसद दर्शन सिंह चौधरी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान द चैम्प्स फन स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। उनकी मेहनत और खेल भावना की सराहना करते हुए बच्चों को ट्रॉफी प्रदान की गई। मुख्य अतिथियों ने बच्चों से मुलाकात की, उन्हें



प्रोत्साहित किया और कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो अनुशासन, टीमवर्क और स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। द चैम्प्स फन स्कूल प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी एवं स्कूल परिवार ने विजेता बच्चों को बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं।

#### रस्साकसी में नारोलिया टीम रही विजय



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शहर के हॉकी मैदान में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी और राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के तहत एक घंटे तक हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स और रस्साकशी जैसे खेलों का आयोजन हुआ। खिलाड़ियों के साथ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी मैदान पर उतरकर खेलों में हिस्सा लिया। रस्साकशी मुकाबले में दो टीमें बनाई गईं। एक ओर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, खेल अधिकारी उमा पटेल, महिला खिलाड़ी और मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत की टीम थी। दूसरी ओर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे और अन्य लोग शामिल थे। मुकाबला जोरदार रहा, लेकिन अंत में माया नारोलिया की टीम ने जीत दर्ज की।

#### समेरिटंस स्कूल इटारसी में खेल दिवस पर विविध आयोजन



**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर समेरिटंस विद्यालय इटारसी में विभिन्न प्रकार के आयोजन हुए। इस अवसर पर बच्चों ने खेल गतिविधियों पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त खेल शिक्षक भगवती प्रसाद चौरे ने बच्चों को खेलों से जुड़ने का आवाहन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय कुराश खिलाड़ी एवं समेरिटेंस स्कूल नर्मदापुरम की छात्रा कुमारी चारू चिचाम ने कुराश खेल के बारे में जानकारी दी। अतिथिगण सेवानिवृत्त प्राचार्य जीपी मालवीय, व्यावासी गंगवानी, महंत सहित अन्य गणमान्य रहे। श्री मालवीय ने बच्चों को किसी न किसी खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। शाला प्राचार्य शप्रशांत दीक्षित ने जीवन में खेलों के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय की खेल शिक्षिका नमिता दास द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न खेल संबंध रोचक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शप्रियंका पटेल द्वारा किया गया।आभार कुमारी पूर्वा दीवान ने माना।

## खबर संक्षेप

### विमुक्ति उत्सव कार्यक्रम कल होगा

**बैतूल।** विमुक्ति दिवस के अवसर पर 31 अगस्त को सुबह 11 बजे से पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास हमलापुर में विमुक्ति उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विमुक्त घुमंतू और अर्द्धघुमंतु कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी नरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि विमुक्त समुदाय की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को संजोने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### 24 घंटे के दौरान 10.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 749.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 848.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 29 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 10.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 29 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 9.2, घोड़ाडोंगरी में 12.0, चिचोली में 18.0, शाहपुर में 15.0, मुलताई में 12.0, प्रभात पट्टन में 9.0, आमला में 17.0, भैंसदेही में 5.0, आठनेर में 2.1 तथा भीमपुर में 5.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### भीमपुर में मोतियाबिंद जांच परामर्श शिविर 1 को

**भीमपुर।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भोपाल के तत्वावधान में 1 सितंबर दिन सोमवार को विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के गोपाल साहू ने बताया कि शरीर में भोपाल के नेत्र चिकित्सक मरीजों की आंखों की जांच करेंगे जिन आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भोपाल में किए जाएंगे। सभी मरीजों को बस द्वारा ले जाया जाएगा एवं ऑपरेशन के पश्चात पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर में लाया जाएगा जहां से भी अपने घर जा सकेंगे।

### शाला प्रबंधन समिति का गठन

**शाहपुर।** शाहपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक शाला हीरावाड़ी में ग्रामीणों, पंचगण और पालकों ने मिलकर शाला प्रांगण के भवन में बैठकर सर्वसम्मति से शाला प्रबंधन समिति 2 वर्ष के लिए सुरेश टेकाम को अध्यक्ष पद के लिए चुना। उपाध्यक्ष पद के लिए श्रीमती सोनम यादव ग्राम हीरावाडी निवासी को चुना। इस अवसर पर बीआरसी आरएल भादे, बीएसी सुनील जोठे, शुभांशु गोहे और संकुल कुंडी से सीएसी दीपना जगताप भी उपस्थित रही।

### दुकानदारों पर करीब 20 से 25 लाख किराया बकाया

# किराया वसूली के लिए नगर पालिका ने जारी किए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**शहर में नगरपालिका के 19 कॉम्प्लेक्स में करीब 306 दुकानें संचालित हो रही है। इनमें से कई दुकानदारों ने अभी तक किराया जमा नहीं किया है। ऐसे दुकानदारों को नगरपालिका ने नोटिस जारी कर किराया जमा करने के लिए कहा है। यदि दुकानदार किराया जमा नहीं करते है तो नपा एक तरफा कार्यवाही**



दरअसल नगरपालिका के शहर में 19 काम्प्लेक्स है, इनमें लगभग 306 दुकानें संचालित हो रही है। इन दुकानों का किराया नगरपालिका ने दुकानों की साइज, लोकेशन के आधार पर तय किया है। 500 रुपए प्रति दुकान से लेकर 5000 रुपए तक का किराया वसूला जाता है। आमतौर पर दुकानदार प्रतिमाह किराया जमा न कर साल में एक बार किराया जमा करते हैं, लेकिन इसमें भी लेटलतीफी की जा रही है। डेढ़-दो साल ऊपर होने के बाद भी कई दुकानदारों ने किराया जमा नहीं किया हैं। इस किराये की वसूली के लिए नगरपालिका ने दुकानदारों को थोक में नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में 15 दिन में किराये का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। किराये जमा नहीं करने की स्थिति में एकतरफा कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि एक साल से दुकानदारों ने किराये का भुगतान नहीं किया है जिसके कारण नगरपालिका की आर्थिक स्थिति लड़खड़ा गई है। बताया जा रहा है कि नगरपालिका 306 दुकानदारों से प्रतिमाह किराया वसूली करती है जो साल का 84 लाख रुपए किराया होता है।

#### कई दुकानदार साल में एक बार करते हैं किराया जमा

आमतौर पर दुकानदार प्रतिमाह किराया जमा न कर साल में एक बार किराया जमा करते हैं, लेकिन इसमें भी लेटलतीफी की जा रही है। डेढ़-दो साल ऊपर होने के बाद भी कई दुकानदारों ने किराया जमा नहीं किया हैं। बताया जा रहा है कि अभी भी 40 से 50 दुकानदारों पर किराये की करीब 20 से 25 लाख रुपये की राशि बकाया है। ऐसे में नगरपालिका ने इन दुकानदारों को किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किये है। नोटिस में किराया जमा करने के लिए एक निर्धारित अवधि दी गई । इसके बाद यदि किराया जमा नहीं किया जाता हैं तो सूचना तामील की जाकर बकाया राशि की वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

#### नोटिस से दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल

नोटिस मिलने के बाद दुकानदारों में अफरा-तफरी है। नपा ने ऐसे दुकानदारों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने लंबे समय से किराये की राशि जमा नहीं की है। नपा सूत्रों की माने तो राजस्व में आ रही कमी के कारण कर्मचारियों के वेतन के साथ-साथ विकास कार्यो पर असर पड़ सकता है। इसलिए नगरपालिका को अपनी राजस्व वसूली प्रणाली को सख्त और व्यवस्थित बनाना होगा। दुकानदारों की जिम्मेदारी तय करना और कानूनी उपाय अपनाना आवश्यक है, ताकि कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल सके और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलती रहें। देखने में यह आ रहा है कि नगरपालिका भी प्रतिमाह दुकानदारों से किराया वसूली को लेकर जागरूक नहीं है। जब बकाया राशि बढ़ जाती हैं तो आनन-फानन में वसूली के लिए नोटिस जारी किए जाते हैं।

#### इनका कहना है

*नगरपालिका के काम्प्लेक्स के दुकानदारों द्वारा किराया जमा नहीं कराया गया है। किराया वसूली के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। करीब 20 से 25 लाख रुपए दुकानदारों पर बकाया है। किराया जमा नहीं करने की स्थिति में नपा कार्रवाई करेगी।*

*- ब्रजगोपाल परते, वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक बैतूल।*

### नकदी और सामग्री जब्त की

## स्कूल परिसर में जुआ खेलते आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** गंज पुलिस ने शुक्रवार को राठीपुर गांव के एक स्कूल परिसर से जुआ खेलते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 4,020 रुपए और जुआ सामग्री जब्त की है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने जिले में जुआ और सट्टा गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। इसी के तहत गंज पुलिस को सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्कूल परिसर में छापा मारा। पकड़े गए आरोपियों में विजय पवार (41), दिनेश रघुवंशी (40), प्याकु (38), गोविंद खवसे (39) और भरत पवार (39) शामिल हैं। इनमें से चार आरोपी राठीपुर के रहने वाले हैं। एक आरोपी खेड़ला किला गांव का निवासी है। गंज थाने में आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत केस दर्ज किया गया है। कार्रवाई थाना प्रभारी नीरज पाल के नेतृत्व में की गई। इसमें उपनिरीक्षक इरफान कुरैशी समेत पुलिस की टीम शामिल थी।

## सिविल विभाग ने बांटे नोटिस, 15 दिन में खाली करने का दिया अल्टीमेटम

**सारनी।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के सिविल विभाग ने जयस्तंभ चौक की दुकानों, ऑफिस के पास और ट्रिबल स्टोरी के पास नोटिस देकर दुकानों का नाप लिया। जिसमें सालों से निवास और व्यापार कर रहे लोगों को 15 दिन में अपने निवास और दुकान खाली करने के लिए कहा गया। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की 660 मेंगावाट कि यूनिट सारणी में स्थापित होना है। दुकान संचालक शुभम साहू ने बताया कि यह दुकान कई सालो पहले मेरे पिता ने चालू की थी। नोटिस से लोगों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि हमारा आशियाना उजाड़ दिया जाएगा। हम सालो से यहां पर रहते आ रहे है। हमें मंडल द्वारा खाली करने के लिए नोटिस दिए जा रहे है। अगर सिविल विभाग द्वारा लोगों को यहां से हटाया जाता है, तो दूसरी जगह पुनः उन्हें बसाया जाए। नगर में लोगों की यह माग उठ रही है।

## संविदा कर्मियों को नियमित करने आउटसोर्स कर्मचारी को समान वेतन की मांग की

### बिजली कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ की अगुवाई में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




बिजली क्षेत्र में निजीकरण, वेतन विसंगति, संविदा कर्मियों की अनदेखी और पुरानी पेंशन योजना जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर 29 अगस्त को बिजली कर्मचारी महासंघ मध्यप्रदेश के आह्वान पर जिला कलेक्टर को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विद्युत क्षेत्र की राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। भारतीय मजदूर संघ और अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ द्वारा घोषित आंदोलन के तहत शांतिपूर्ण ज्ञापन कार्यक्रम सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय स्तर की मांगों में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू किया जाए, एक देश-एक वेतन-एक सेवा नियम की नीति लाई जाए जिससे सभी कर्मचारियों को एक समान व्यवहार और नियामक ढांचा मिल सके। इसके साथ ही विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 133 के अंतर्गत एक नई त्रिपक्षीय औद्योगिक समिति के गठन की मांग की गई। ज्ञापन में केंद्र सरकार से निजीकरण की प्रक्रिया रोकने, आउटसोर्सिंग और फ्रेंचाइजिंग प्रथा पर रोक लगाने की भी मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि 2000 से 2012 के बीच सामान्य मृत्यु के मामलों में अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण लंबित हैं, जिन्हें शीघ्र अति शीघ्र निपटाया जाना चाहिए। इस मामले में अलग-अलग विद्युत कंपनियों द्वारा बनाए गए नियमों को समाप्त कर एक समान प्रक्रिया लागू की जाए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने दो टूक कहा कि यदि सरकार मांगों की ओर ध्यान नहीं देती, तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

#### प्रेमगढ़ आश्रम कोसमी में मनाई जाएगी राधा अष्टमी

*बैतूल। प्रेमगढ़ आश्रम कोसमी में इस बार राधा अष्टमी का पर्व धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन रविवार 31 अगस्त को दोपहर 2 बजे से होगा। इस अवसर पर वृंदावन के प्रेम स्वामी महाराज सन्यासी के सानिध्य में राधा जी का झूला उत्सव आयोजित किया जाएगा। आश्रम परिसर में भजन-कीर्तन, सत्संग और गुरु दीक्षा का कार्यक्रम भी होगा। संन्यासियों ने बताया कि आरती के बाद सभी भक्तजनों के लिए प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन का मुख्य संयोजन बंशीदास महाराज और राधा दास महाराज द्वारा किया जा रहा है। आश्रम प्रबंधन और संन्यासियों ने जिलेभर के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भक्ति महोत्सव को सफल बनाने का आग्रह किया है।*

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा का सिलसिला

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन को पखवाड़े के रूप में मनाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टुबर गांधी जयंती तक भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाडे के रूप में मनाएगी। जिसके तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। वहीं रविवार को मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण भी होना है जिसको लेकर महत्वपूर्ण जिला बैठक जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में शुक्रवार को आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उइके ने कहा कि दुनिया इस वक्त बदलाव के दौर से गुजर रही है। 2014 से अनीति और अत्याचार के खिलाफ मोदी जी बदलाव के नायक बनकर उभरे है। राम और कृष्ण की तरह युगदृष्टा मोदी जी के साथ हमें काम करने का अवसर मिला यह बडी बात है। इसी कडी में सांसद खेल महोत्सव भी होगा जिसका उददेश्य ग्रामीण खेल प्रतिभाओ कों राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय मंचो पर प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी सुजीत जैन ने कहा कि जब से मैने जिले का प्रभार संभाला है तब से बैतूल में मंडल अध्यक्षो, जिला नेतृत्व और हम सब ने मिलकर सफलता लक्ष्य के आधार पर हासिल की है। अब हमें प्रदेश के नेतृत्व का मौका मिला है। इस सम्मान के लिए हमें इसी विश्वास के साथ आगे बढते हुए चुनौतियों को पूरा करना है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने बताया कि सेवा पखवाडा के तहत स्वच्छता अभियान, एक पेड मॉ के नाम, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, मंडल और जिला स्तर पर आयोजित किए जाएगें। विश्व के लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी जी के संघर्ष पर बनी डाक्युमैन्ट्री फिल्म को प्रसारित किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि सफलता को बनाए रखना भी बडी चुनौति होती है हमने पिछले बार मन की कार्यक्रम में जो उपलब्धी हासिल की है उसे और अच्छे तरीके से करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। मोदी के जन्मदिवस से चलने वाले स्वच्छता पखवाडे में हमे स्वदेशी और स्थानीय उत्पादो के प्रयोग हेतू लोगो को प्रेरित भी करना है। बैठक के दौरान तिरंगा यात्रा में नवाचार करने वाले चिरापाटला मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र यादव व मंडल प्रभारी इंद्रपाल पुण्डे को मंचसीन अतिथीयों ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। बैठक का संचालन जिला कार्यालय मंत्री कृष्णा गायकी ने व अंत में आभार जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू ने व्यक्त किया।

### केंद्रीय मंत्री ने खेल दिवस व सांसद खेल महोत्सव के तहत रजिस्ट्रेशन का किया शुभारंभ

# बैतूल बनेगा खेलों का हब: केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके ने जिले के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उनके द्वारा सांसद खेल महोत्सव के तहत खिलाडय़ों के रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ भी किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में जिले को गौरवान्वित करने वाले खिलाडिय़ों को सम्मानित भी किया। उन्होंने बताया कि जिले में 5 करोड़ की लागत से क्रिकेट स्टेडियम जल्द बनकर तैयार होगा। इसी प्रकार जिले में ओपन ऑडिटोरियम के लिए 10 करोड़ और मल्टीपल गेम्स स्टेडियम के लिए 15 करोड़ की राशि भी स्वीकृत की गई हैं। आने वाले में समय में बैतूल खेलों का हब बनेगा। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हंसराज धुर्वे, विकास मिश्रा, प्रदीप खंडेलवाल तथा प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती अनीता पटेल, एसडीएम अभिजीत सिंह, जिला खेल अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील सहित अन्य अधिकारी , स्कूली बच्चे एवं खिलाड़ी उपस्थित रहें।

केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति चेतना, जागरूकता और खेलों की महत्ता की दिशा में प्रेरित करने के लिए हॉकी के जादूगर श्रद्धेय श्री मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाता हैं। वर्ष 2012 से प्रारंभ खेल दिवस का उद्देश्य देश के महान खिलाडय़ों के योगदान को याद करना, युवाओं में खेल भावना का विकास और राष्ट्र को खेलों के क्षेत्र में सशक्त बनाना हैं। श्री ध्यानचंद ने हॉकी के मैदान में करिश्मा दिखाकर भारत को 3 ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाएं और भारत की खेल प्रतिभा और क्षमता से दुनिया को अवगत कराया। उन्हीं से सभी को प्रेरणा मिलती है कि जीवन में अनुशासन, समर्पण और परिश्रम से लौकिक और पारलौकिक सभी प्रकार के लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने सभी को खेल दिवस की शपथ दिलाई और सांकेतिक रूप से हॉकी खेलकर खेलों का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाडय़ों से परिचय भी प्राप्त किया और उनका उत्साह बढ़ाया। जिला खेल अधिकारी श्रीमती कुरील ने बताया कि हॉकी के प्रदर्शन मैच से आज 29 अगस्त से 31 तक आयोजित खेल दिवस का शुभारंभ किया गया। 30 अगस्त को भोपाल में फिटनेस पर केंद्रित आयोजित कार्यक्रम का लाइव लिंक से प्रसारण कर बच्चों को दिखाया जाएगा। 31 अगस्त को फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा।

#### भारत खेलों के क्षेत्र में नए आयाम छू रहा

केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व भारत खेलों के क्षेत्र में नए आयाम छू रहा हैं। उनका मानना है कि खेल केवल पदक तक सीमित नहीं बल्कि राष्ट्र के उज्जवल भविष्य का आधार हैं। जिसे ध्यान में रखते खेलों इंडिया प्रारंभ किया हैं, जिसमें 3 हजार से अधिक एथलीट विशेष छात्रवृत्ति और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। फिट इंडिया मूवमेंट से 10 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं।

#### खेलों में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की

भारत ने खेलों में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की हैं। भारत के प्रतिभावान खिलाडय़ों ने टोक्यो ओलंपिक में 7 पदक अपने नाम किए। बार्गिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में 61 पदक जीते। इसी प्रकार एशियन गेम्स में 107 पदक जीते जिसमें 28 स्वर्ण पदक शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत खेल जगत की महाशक्ति बनकर उभर रहा है।

#### राष्ट्रीय खेल अकादमी में प्रशिक्षण का मिलेगा अवसर

इस क्रम में सांसद खेल महोत्सव की परिकल्पना भी की गई है। यहां महोत्सव ग्राम, विधानसभा एवं जिला इस प्रकार तीन स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रत्येक जिले से 10 प्रतिभावान खिलाडिय़ों का चयन किया जाएगा, जिन्हें राष्ट्रीय खेल अकादमी में प्रशिक्षण मिलेगा। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य नवोदित खिलाडय़ों को अवसर प्रदान करना, स्थानीय खिलाडय़ों को पहचान दिलाना और युवाओं को अनुशासन, फिटनेस और खेल भावना से जोडऩा हैं।

#### स्वस्थ और ऊर्जावान युवा ही नए भारत की नींव

केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि भारत का युवा खेलों के मैदान में जीतता है तो केवल पदक ही नहीं बल्कि देश के गौरव को भी बढ़ाता हैं। खेल केवल प्रतियोगिता न रहे बल्कि जीवन की संस्कृति भी बने। स्वस्थ और ऊर्जावान युवा ही नए भारत की नींव हैं। भारत को खेल महाशक्ति बनाने में सभी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि जीवन जीने की कला हैं। खेल हमे सिखाते है कि असफलता सफलता की ओर बढऩे का पहला कदम हैं। केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने सभी से आग्रह किया कि खेलों को स्कूलों तक सीमित न रखें बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। दीर्घजीवी, समृद्ध और निरोगी जीवन जीने का आधार खेल हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 31 तक होंगी खेल स्पर्धाएं

### रामरख्यानी स्टेडियम में खेला गया फुटबॉल मैच



**सारनी।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 29 से 31 अगस्त तक विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तरीय खेल स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। पहले दिन रामरख्यानी स्टेडियम में फुटबाल का मैत्री मैच आयोजित किया गया। पाथाखेड़ा की टीम ने सारनी को 1-0 से हराया। विजेताओं को नपाध्यक्ष समेत अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। विजेताओं को नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। पहले दिन कार्यक्रम की शुरूआत रामरख्यानी स्टेडियम में में की गई। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षद प्रवीण सोनी, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी केके भावसार, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सोनम बैस समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने खिलाडय़ों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत की। उत्कल एकेडमी एवं जयवंत एकेडमी के सारनी एवं पाथाखेड़ा के खिलाडियों के बीच मैत्री फुटबाल मैच खेला गया। इसमें पाथाखेड़ा की टीम 1-0 से विजयी रही। अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि खेलों के आयोजन से प्रतिभाएं निखरती हैं। उन्होंने कहा कि खेलों बढ़ाने एवं खिलाडय़ों को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन नगर पालिका करते रहेगी। इस अवसर पर एनयूएलएम प्रभारी रंजीत डोंगरे ने खिलाडय़ों और दर्शकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में रामराज यादव, निराकार सागर, कीर्ति नायक, गुणवंत हुरमाड़े, मिथुन नकवाल, रामू दास, राकेश डोंगरे, बिरंची महानंद, नवीन निरापुरे, मनीष घोटे, फुटबाल खिलाड़ी प्रीतम सिंदूर समेत अन्य लोग उपस्थित थे। शनिवार 30 अगस्त को सरस्वती विद्या मंदिर सारनी में दोपहर 12 बजे से कबड्डी एवं खो-खो स्पर्धा होगी। वहीं बालक स्कूल सारनी में वालीबाल स्पर्धा का आयोजन नगर पालिका द्वारा किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी खेल प्रेमियों से आयोजन में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

**श्री गणेशोत्सव**

## नगर में गणेशोत्सव का आयोजन जारी



माखननगर। नगर में विराजी है आकर्षक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है जो आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। उत्सव समितियों



ने प्रथम दिन स्थापना से पंडाल में आकर्षक साज साज की है नगर में कुछ समितियां ऐसी जो वर्षों से यह परंपरा जारी रखे हुए है आवास कॉलोनी में गणेश उत्सव समिति हर



वर्ष प्रतिमा का आकर्षक स्वरूप की झांकी सजाई जाती है बागरा रोड पर पुरोहित परिवार पर दिवंगत अनिल पुरोहित द्वारा दुर्गा जी एवं



गणेशजी की की शुरुआत की थी खुशी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं पटेल मोहल्ला में महाकाल उत्सव समिति के युवा पूर्ण उत्साह और



आस्था से श्री गणेश की सेवा करते हैं। माखन चौक पर लालबाग के राजा गणेश उत्सव समिति गणेश जी के साथ रिद्धि सिद्धि की प्रतिमा विराजित की है।

### हाउसिंग बोर्ड ने छुपाई जानकारी, नपा ने किया निर्माण, कांग्रेस ने लगाए आरोप

# पलकमती नगर निर्माणाधीन लाखों का इंडोर स्टेडियम बना विवादों का अखाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पलकमती नगर में 87 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, नर्मदापुरम द्वारा जारी नोटिस और दस्तावेज़ों से यह खुलासा हुआ है कि जिस भूमि पर यह स्टेडियम बनाया जा रहा था, वह कई दशकों से विवादित है।

इस मामले में नगरपालिका और गृह निर्माण मंडल दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पूरे प्रकरण का खुलासा शुक्रवार को पूर्व महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजेंद्र तोमर, पूर्ण नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर, कांग्रेस नेता अशोक जैन एवं अमोल उपाध्याय ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से किया। उन्होंने विभागों पर वित्तीय लापरवाही और दुरुपयोग का आरोप लगाया।

### बोर्ड ने छिपाई जानकारी

हालांकि मामले में नपा अपना पक्ष रखते हुए सेफ जॉन में आ गई है। नपाध्यक्ष पंकज चौरे का कहना है कि मंडल ओर नपा के बीच हुए भूमि हस्तांतरण में उनके द्वारा यह जानकारी छुपाई गई कि उक्त भूमि विवादित है और उसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। नपाध्यक्ष चौरे का दावा है कि उन्हें हाउसिंग बोर्ड से इस भूमि के कानूनी स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली थी।



### नेता एक जनता अकेली

नगरपालिका में परिषद गठन के बाद से ही एक अद्भुत शांति छाई हुई है। यह शांति इतनी गहरी है कि इसे देखकर लगता है मानो राजनीति का असली मकसद आपसी तालमेल और सद्भाव ही है। 14 कांग्रेसी पार्षदों की सेना और 20 भाजपा के महारथियों के बीच एक 'पवित्र' रिश्ता कायम हो गया है। वैसे तो राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप और खींचतान आम बात है, लेकिन नपा में यह नियम लागू नहीं होता। यहाँ कांग्रेस के पार्षद ऐसे मौन धारण किए बैठे हैं, जैसे उन्हें भाजपा शासित नपा में पार्षद बनने पर गंगा में डुबकी लगाने से मोक्ष मिल गया हो। यह सब देखकर लगता है कि इटारसी में लोकतंत्र नहीं, बल्कि एक 'गुप्त समझौता' चल रहा है। इस व्यवस्था में जनता को यह समझना चाहिए कि जब राजनीति में इतना भाईचारा हो तो कुछ न कुछ तो गड़बड़ जरूर है। क्योंकि जब नेता एक हो जाते हैं, तब जनता अकेली हो जाती है।

### नपा निर्माण कर सकती है

नपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि इंडोर स्टेडियम का निर्माण पूरी तरह से सद्भावनापूर्ण तरीके से किया गया था। हाउसिंग बोर्ड ने पालिका को जो भूमि हस्तांतरित की थी, उस पर निर्माण कार्य शुरू करने से पहले पालिका ने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की थीं। शर्तों में प्लॉट की खरीदी बिक्री एवं कमर्शियल उपयोग पर रोक थी। लेकिन जब कालोनी नपा को हस्तांतरित हो चुकी है तो रहवासियों के लिए जनहित के निर्माण कार्य और सुविधाओं का विस्तार किया जा सकता है। इनडोर स्टेडियम से कालोनी वासियों को ही लाभ होने वाला था।

### अब क्या होगा आगे?

इस विवाद के सामने आने के बाद, नगर पालिका ने हाउसिंग बोर्ड से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही, उन्होंने कहा है कि यदि यह साबित होता है कि हाउसिंग बोर्ड ने जानबूझकर जानकारी छिपाई थी, तो इस वित्तीय नुकसान के लिए वही जिम्मेदार होंगे। नगर पालिका ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह अब इस मामले में कानूनी सलाह ले रही है और भविष्य में इस तरह की चूक से बचने के लिए सतर्क रहेगी। इस पूरे प्रकरण में, नगर पालिका का पक्ष यह है कि वे जनता के पैसे का सही उपयोग करना चाहते थे और इसमें उनकी कोई मंशा गलत नहीं थी। अब देखना यह है कि इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है और इस इंडोर स्टेडियम का भविष्य क्या होगा।

### अन्य कार्यों पर लगाए आरोप

पत्रकार वार्ता में पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंकज राठौर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक जैन ने नपा के कायाकल्प सहित अन्य योजना एवं कार्यों पर वितरण अनियमितता के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि नपा के अधिकारी और ठेकेदार मिलकर नपा को जनता के लाखों करोड़ों रुपए का चूना लगा रहे हैं। पलकमती नगर इनडोर स्टेडियम वाले मामले में संबंधितों के द्वारा उच्च अधिकारियों तक लिखित शिकायत की गई है।

## स्कूल मिला बंद, थमाए गैर हाजिर शिक्षकों को शोकाज नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

जनपद शिक्षा केन्द्र अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र कन्या सेमरी हरचंद के जनशिक्षक धनराज अहिरवार द्वारा ग्राम खापा और पाठई का निरीक्षण किया गया, इस दौरान प्राथमिक शाला खापा के प्रधानपाठक जियालाल कुबरे और शिक्षिका मोहनी फौजदार शाला से नदारद थी और शाला बन्द पाई गई, वही ग्राम पाठई की प्राथमिक शाला भी निरीक्षण के दौरान बन्द मिली जिस पर प्रभारी सुखराम कासदे और शिक्षक प्रीतम कुबरे को कारण बताओ पत्र दिया गया है इसके साथ ही संकुल प्रचार्य को दोनों शालाओं के लापरवाह शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने पत्र लिखा गया है जिस पर संकुल प्रचार्य द्वारा चारो लापरवाह शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाई की गई है।

उधर जनशिक्षा केंद्र कन्या बालक के जनशिक्षक शंकर लाल पंदराम द्वारा ग्राम जमुनिया के पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण किया गया इस दौरान सज्जन सिंह मेहरा माध्यमिक शिक्षक भी शाला से अनुपस्थित थे, इन्हें भी कारण बताओ पत्र देकर दो दिनों में जबाव तलब किया गया है। बता दे कि आदिवासी बहुत क्षेत्र की शालाओं के शिक्षकों द्वारा लापरवाही की जा रही है, वही ग्राम खापा में पदस्थ मोहनी फौजदार द्वारा शाला न पहुचने की शिकायत प्राप्त होती रहती है, इनके विरुद्ध पूर्व में भी कार्यवाई हो चुकी है। जनपद शिक्षा केन्द्र द्वारा लगातार निरीक्षण किये जाने से शिक्षकों की लापरवाही उजागर हो रही है।

**इनका कहना है**

हमारे जनशिक्षक लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है, खापा और पाठई शाला निरीक्षण के दौरान बंद मिली, जिस प्रचारों शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाई की गई है।

**राकेश रघुवंशी, बीआरसी, सोहागपुर।**

### मेजर ध्यानचंद जन्म दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

पचमढ़ी। विद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस- राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलों का आयोजन किया गया। खेलों का शुभारंभ बी आर सी पिपरिया श्री प्रदीप शर्मा, प्राचार्य मनीष गुप्ता, उमेश बरैया एवं केंट प्राचार्यआशीष तंबोली द्वारा किया गया। खेल प्रशिक्षक संतोष यादव द्वारा टेबल टेनिस, पिट्टू और रस्सी कूद आदि खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## स्वास्थ्य महकमे ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के महावतों का किया स्वास्थ्य परीक्षण, दी दवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसटीआर में इन दिनों हाथी महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें हाथियों की भरपूर सेवा व आवभगत की जा रही है। लेकिन रिजर्व प्रबंधन यहीं तक सीमित नहीं है व हाथियों की वर्षभर सेवा तथा देखभाल करने वाले महावतों की चिंता भी प्रबंधन कर रहा है। एसटीआर असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद एवं रेंजर राहुल उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार दोपहर सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम रिजर्व के कोर क्षेत्र में स्थित खरेर हाथी कैंप पहुंची। जहां टीम ने महावतों व अन्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया है। इस



दौरान लगभग 20 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने किया। मेडिकल टीम से प्राप्त जानकारी अनुसार एक कर्मचारी में उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई है। अधिकतर कर्मचारियों में सामान्य मौसमी बुखार या सर्दी तथा खांसी की समस्या है। कुछ कर्मचारियों में त्वचा रोग की समस्या पाई गई है। सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य से संबंधित समस्या तथा दवाईयां उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही सभी की ब्लड सैंपलिंग भी अनिवार्य रूप से की गई है। मेडिकल टीम में बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर, मेडिकल ऑफिसर्स नेहा वर्मा व सोनाली मुसरे, सुपरवाइजर मनोज आरसे, पैथोलॉजिस्ट पीयूष दामड़े आदि उपस्थित थे।

### मोरछठ पर किया मोहर का विसर्जन

सोहागपुर। मोरछठ पूजा एक हिंदू त्यौहार है, जो प्रतिवर्ष देश में उत्साह से मनाया जाता है। सोहागपुर ब्लॉक के आदिवासी क्षेत्र में शुक्रवार को



यह त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नव विवाहित जोड़ों में से वरों की भाभियों ने विवाह में प्रयुक्त हुई मोहर का विसर्जन पूरे विधि विधान से किया। लोग अपने परिवार की नव वैवाहित दंपत्तियों को साथ लेकर नदी किनारे पहुंचे व पूरे विधि विधान से पूजा पाठ कर मोहर का विसर्जन किया। इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए। दोपहर में शुरु हुआ मोहर विसर्जन कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा।

## गौतम वार्ड में निर्माणधीन सड़क का किया नप उपयंत्री ने निरीक्षण, ठेकेदार को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर के गौतम वार्ड क्षेत्र में नप सड़क बना रही है। नागरिकों द्वारा विकास शुल्क जमा करने पर सड़क स्वीकृत हुई थी। गत दिवस सड़क निर्माण काम का नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, उपयंत्री बृजेश खानोरकर व नपकर्मी एचएल परते ने निरीक्षण किया है। हरिभूमि से चर्चा में उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने बताया कि गुरुवार शाम को उन्होंने नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी के साथ निर्मित की जाती सड़क का निरीक्षण किया है तथा जो जरूरी निर्देश हैं, वे ठेकेदार को दिए गए हैं।

इस दौरान मौके पर ठेकेदार जीके मालवीय भी उपस्थित थे। जिन्हें उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने कहा कि सड़क के दोनों ओर का कुछ निचला क्षेत्र है। अतः सड़क के बीच से पाइप डालते हुए ढलान वाले क्षेत्र की ओर इसका मुख खोला जाए, ताकि बरसाती पानी की निकासी पर्याप्त रूप से हो सके। और आने वाले समय में नागरिकों को कोई परेशानी ना हो। ठेकेदार ने भी आश्वासन दिया है



कि जो भी निर्देश दिए जाएंगे उनके अनुसार सड़क का निर्माण होगा। क्षेत्र के नागरिकों ने सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह सहित सोहागपुर नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी तथा पार्षद कविता साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है कि अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण कराया जा रहा है। यद्यपि यह कार्य नागरिकों द्वारा विकास शुल्क जमा करने के बाद हो रहा है।

## प्रतिभाओं, खिलाड़ी के साथ खेल समन्वयक अधिकारी प्रशिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र के एक निजी होटल में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष मनोज नागोत्रा,लोचन सागरप्रजापति, वल्लभ भाई लायन अरविंद राय संजीव मालवीय, उर्वशी शाह सभी लायन की उपस्थिति में कार्यक्रम मुख्य अतिथि मनीष शाह सुबोध विजय एवरेस्ट पर्वतारोही जो देश प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण जागरूक था के लिए 19 जून 2024 से साईकिल पर लद्दाख से यात्राकर रहे हैं। पुरे होने पर पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र में पहुंचे १लाख पौधे लगाए गए हैं। 1 लाख किलों मीटर की यात्रा कर चुके हैं। 2027 तक देश




की सबसे ऊंची चोटी माउंट आबू पर्वत पर एवरेस्ट पर्वतारोही शिखर पर तिरंगा फहराएं गे।

इस तरह से अनेक जानकारी दी गई कार्यक्रमकी मुख्य रूप से खेल को लेकर आयोजित किया गया था। नगर की सभी खेल शिक्षक शिक्षिका प्रशिक्षको प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुरवइया, अरविंद शर्मा, सचिन पुरवइया अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## शहीद संदीप उईके की पुण्यतिथि पर सैनिकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

समीपस्थ ग्राम पाला देवरी में सेना में पदस्थ सैनिक संदीप उईके 3 वर्ष पूर्व झांसी में पदस्थ सैनिक संदीप उईके दुर्घटना में शहीद हो गए थे तब से प्रत्येकवर्ष ग्राम पालदेवरी के ग्रामवासी उनके शहीद दिवस को स्मृति दिवस के रूप में मानते हैं। स्मृति दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में विधायक विजयपाल सिंह एवं पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा समेत शहीद संदीप उईके के परिवारजन उपस्थित रहे। शहीद संदीप उईके काका को ग्राम वासियों एवं अतिथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सैनिकों को सम्मानित किया गया तथा शहीद स्मारक के पास वृक्षारोपण किया गया। स्मृति कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जीनियस प्लेनेट में संपन्न हुआ मेजर ध्यानचंद खेल रत्न सम्मान समारोह, किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीनियस प्लेनेट स्कूल द्वारा हॉकी के जादूगर पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष समाजसेवी शिवाकांत पांडे, खेल प्रमोटर जितेंद्र ओझा, खेल प्रमोटर कुलभूषण मिश्रा, समिति सदस्य सुनील सचान एवं संरक्षक मोहम्मद यूनिस सिद्दीकी के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

सम्मान समारोह में विभिन्न खेलों में अपनी सहभागिता देने वाले खिलाड़ी, कोच एवं प्रमोटर का जीनियस प्लेनेट स्कूल सभागार में




सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में दीपक परदेसी को फुटबॉल, अशीष मालवीय को फुटबॉल, सुनील जैन को बैडमिंटन खिलाड़ी एवं प्रमोटर के लिए, चेतन राजपूत को क्रिकेट में अपनी सेवायें फ्री क्रिकेट कैम्प लगाने के लिए, अश्वनी मालवीय इटारसी में तीरंदाजी को सिखाने एवं प्रमोट करने के लिए, जगदीश जुनानिया को पॉवर लिफ्टिंग के लिए, जैद खान एवं सुंदरम राजावत को हॉकी के लिए, विनीत यादव को पेरा स्पोर्ट्स में गोला फेंक के लिए, समीक्षा सराठे तथा सनी सेन को हॉकी के लिए, मोती सिंह राजपूत को कबड्डी के लिए, स्कूल के स्पोर्ट टीचर कृष्णा साहू को फुटबॉल के लिए तथा कबड्डी को शानदार रूप से आयोजित करने के लिए करणी सेवा टीम का श्रीफल तथा ट्रॉफी देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### पचमढ़ी, पिपरिया माखननगर सहित समूचे महाविद्यालयों में किया गया राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन, गतिविधियां रहेगी जारी

# नर्मदांचल ने खेलों के माध्यम से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

29 अगस्त को महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एस. शेखर ने बताया की खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं और शारीरिक शिक्षा एवं खेलों के माध्यम से ही व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास संभव है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश पटेल ने मेजर ध्यान चंद के खेल जीवन, खेल का हमारे जीवन पर प्रभाव, राष्ट्रीय खेल दिवस का परिचय एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए चल चित्र के माध्यम से अपने विचार साझा किए। डॉ अनुज डोनीवाल ने खेल के माध्यम से एकता एवं बंधुत्व को बढ़ावा देने की



बात कही। इसी के साथ ही महाविद्यालय मे आगामी तीन दिनों तक होने वाली गतिविधियों मे आज डॉज बॉल, पासिंग दी बाल, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज और लेग क्रिकेट इत्यादि मनोरंजनात्मक क्रीड़ा गतिविधियां महाविद्यालय स्टॉफ और विद्यार्थियों के मध्य आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालयीन स्टॉफ आगे रहे। सर्वाधिक रन डॉ. अनुज डोनीवाल ने एवं सर्वाधिक विकेट शशि बेन ने लिए, वही टेबल टेनिस मे वंशिका राजपूत विजेता रही। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आयोजन डॉ. सत्य प्रकाश पटेल के नेतृत्व मे किया गया।

### पिपरिया में भी किया गया खेल दिवस का आयोजन आयोजन

पिपरिया। आर एन ए विद्यालय परिसर में हाकी के मेजर ध्यानचंद की 120 वी जयंती पर खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान रस्सा खेलप्रतियोगता का आयोजन किया।मेजरधयानचंदके चित्रण पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। उपस्थिति सभी अतिथियों खिलाड़ी वर्ग ने प्रतिदिन १घंटा खेल के लिए संकल्प कराया गया।वाला वालिका वर्ग ने हिस्सा लिया वालिका वर्ग में विजेता रानी लक्ष्मीबाई टीम वालक शहीद भगतसिंह टीम सरदार वल्लभ भाई पटेल टीम ने विजय हासिल की। विजेता टीम को ध्यान चंद पुरस्कार प्रदान किया गया। अतिथियों में कन्या शाला प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ।द लर्निंग स्टेंप विद्यालय केप्राचार्य हर्ष मालपानी, अरविंद शर्मा खेल अधिकारी प्रीतमसिंह मीरा गढ़वाल,वैभव शर्मा सहित अन्य सभी खेल शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर शहीद भगतसिंह



कालेज में मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस पर कारयक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन खेलपकोष्ठके तत्वावधान में आयोजित किया गया।मां सरस्वती पूजा के बाद मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी गई। शुरुआत में प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी ने मेजर ध्यानचंद पर उद्बोधन दिया।खेल में नींबू दौड़ कुर्सी दौड़ सहित अन्य सैकड़ों आयोजन कियागया तथा ७४ खिलाड़ी ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम समन्वयक डा अनिता सेन किटी मौर्य सभी लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है : डॉ नीता चौबे

माखन नगर। हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवसम नाया गया कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. नीता चौबे द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती, मेजर ध्यानचंद, राष्ट्रकवि पंडित माखन लाल चतुर्वेदी की फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



कार्यक्रम संयोजक डॉ. आई. एस . कनेश ने खेल को स्वास्थ्य से जोड़ते हुए अपना वक्तव्य दिया। प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे ने उपस्थित विद्यार्थियों को खेलों के महत्व व उसके उपयोगिता के बारे में बतलाते हुए कहा कि खेलों में सक्रिय रहने से शरीर स्वस्थ बना रहता है और उस स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास करता है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. डी .एस.खत्री ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि हम सभी को अपने जीवन में खेल को एक अनिवार्य अंग बनाना चाहिए ,प्रतिदिन कम से कम एक घंटे आपको खेल से जुड़े रहना चाहिए। डॉ धर्मेंद्र चौहान ने विद्यार्थियों को बताया कि खेल एवं योग के द्वारा आपको विभिन्न रोजगार के अवसर भी उपलब्ध रहते हैं विभिन्न विभागों में खेल कोटे के द्वारा नियुक्तियां मिल सकती है। डॉ अमिताभ शुक्ला ने कहा आजके इस दौर में फिजिकल ट्रेनर और योग ट्रेनर की मांग प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।खेलों में जुड़े रहने से आप सभी भविष्य में कैरियर संवार सकते हैं, डॉ. आकांक्षा यादव, डॉ सुमन अवस्थी सहित समस्त स्टाफ व खिलाड़ी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सांप के डंसने से हेडकांस्टेबल की मौत

**हरदा।** पुलिस लाइन में पदस्थ एसएफ के हेडकांस्टेबल डेम सिंह (61) की शुक्रवार तड़के सांप के काटने से मौत हो गई। शिवपुरी की बिस्वाल बटालियन की बी कम्पनी में पदस्थ डेम सिंह पिछले ढाई साल से हरदा पुलिस लाइन में सेवाएं दे रहे थे। उनके घर से कोबरा सांप कूकर के पीछे छुपा हुआ था। तड़के करीब 3 बजे डेम सिंह के दाहिने पैर में सांप ने काट लिया। उन्होंने इसे चूहे का काटना समझा और तैयार होकर साथी रामसेवक के साथ हरदा स्टेशन की ओर शासकीय कार्य पर निकल गए। स्टेशन के रेलवे ब्रिज पर पहुंचते ही डेम सिंह को चक्कर आने लगे और तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन सुबह 6 बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। डेम सिंह मूल रूप से शिवपुरी के रहने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। घटना की खबर मिलते ही उनकी भांजी भोपाल से हरदा पहुंचीं। पीएम के बाद पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद शव को शिवपुरी के लिए रवाना किया गया। वहीं जिस कमरे हेडकांस्टेबल रहता था। वहां सपेरे ने प्रेशर कुकर के नीचे से एक ब्लैक कोबरा को पकड़ा है। जिसके काटने से हेडकांस्टेबल पुन की मौत हुई।

### जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों की बैठक में समीक्षा की

**हरदा।** अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। जघन्य एवं सनसनीखेज गंभीर अपराधों की समीक्षा की गई। जिन प्रकरणों में संबंधित व्यक्ति के साक्ष्य लेना शेष हैं उनके साक्ष्य लेकर प्रकरणों के निराकरण हेतु आगामी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, जिला लोक अभियोजन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आनंद को जिला बदर करने का नोटिस

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिध्दार्थ जैन ने पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के प्रतिवेदन पर आपाराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हरदा निवासी आनंद पिता दीपचंद जाट को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर करने का नोटिस जारी किया है। संबंधित को कलेक्टर न्यायालय में कारण सहित लिखित उत्तर नियत दिनांक को नियत समय पर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। नियत दिनांक तक जबाव प्रस्तुत न करने की दशा में एकपक्षीय कार्रवाई की जा सकेगी।

### विद्यार्थी अब 2 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**सीहोर।** अनुसूचित जाति विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति योजनांतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 2 सितंबर 2025 कर दी गई है। योजना में स्नातकोत्तर और शोध उपाधि (पीएच.डी.) के लिए इंजीनियरिंग, प्योर साइंस, एप्लाइड साइंस, एग्रीकल्चर साइंस, मेडिकल, मैनेजमेंट, इंटरनेशनल कॉमर्स, एकाउंटिंग फाइनांस, फॉरेस्ट्री, नेचुरल साइंस, विधि और मानविकी जैसे विषयों में छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। पीएच.डी. के लिए आवेदक को स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी या 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### घायल व्यक्ति की जान बचाने पर मिलेगा 5 हजार का पुरस्कार

**सीहोर।** भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटना होने पर घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए गुड सेमीरिटन नेक व्यक्ति योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना मे घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वार पूछताछ नहीं की जायेगी, जान बचने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रूपये का पुरूस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता मे गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जायेगा।

---

### हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद्र की स्मृति पर माल्यार्पण किया

# खेल दिवस के पर हॉकी, कबड्डी कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित हुई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस अवसर पर 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित कि जा रही है। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि शुक्रवार को खेल दिवस के अवसर हॉकी, कबड्डी, कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित कि गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद्र की स्मृति पर माल्यार्पण किया। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, नितेश बादर, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल उपस्थित थे। कब्बड्डी प्रतियोगिता में ग्राम मसंनगांव, मारुति फिजिकल एकेडमी, शास उत्कृष्ट विद्यालय, बालक छात्रवास, पी.एम श्री महाविद्यालय हरदा, मां राजरानी क्लब हरदा, फिजिकल एकेडमी हरदा ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला मारुति फिजिकल एकेडमी हरदा एवं शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के मध्य हुआ जिसमें मारुति फिजिकल एकेडमी विजेता रही।

हॉकी मैच फिडर सेंटर विरुद्ध जिला हाकी संघ के मध्य हुआ जिसमें हॉकी फिडर सेंटर विजेता रहा। कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे द्वारा मेजर ध्यानचंद्र जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उपस्थित पहलवान से परिचय कर किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता में 35 में शौर्य विश्नोई, 44 में विराट विश्नोई, 48 कृष्ण विश्नोई, 49 में दिव्यांशी जाट, 60 में नैतिक विश्नोई, 61 में वंशिका विश्नोई, 63 वेदिका विश्नोई, 75 हर्षल विश्नोई, 80 माधव विश्नोई खिलाड़ी विजेता रहे।

#### 31 तक होंगी खेल गतिविधियां

उन्होने बताया कि विकासखण्ड एवं जिला मुख्यालय हरदा में 30 अगस्त को कबड्डी प्रतियोगिता, कुश्ती प्रतियोगिता, मनोरंजक खेल, खिलाडियों के साथ सेमिनार, खो-खो प्रतियोगिता, एथलेटिक्स एवं क्रिकेट मैच तथा 31 अगस्त को योगा, एवं सायक्लिंग गतिविधियां आयोजित होगी। जिला खेल अधिकारी पटेल ने बताया कि विकासखण्ड टिमरनी में 30 अगस्त को फिटनेस जागरूकता रैली तथा कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिता एवं 31 अगस्त को शपथ एवं सायक्लिंग गतिविधियां आयोजित होंगी। इसी प्रकार विकासखण्ड खिरकिया में 30 अगस्त को फिटनेस जागरूकता रैली, खो-खो मैच व कराते प्रदर्शन तथा 31 अगस्त को शपथ एवं सायक्लिंग गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

#### एक दिवसीय संभाग स्तरीय चेस प्रतियोगिता संपन्न

**हरदा।** शालेय स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को दो दिवसीय संभाग स्तरीय चेस प्रतियोगिता आयोजित कि गई। प्रतियोगिता में बैतूल हरदा नर्मदापुरम जिले के 14 वर्ष,17 वर्ष एवं 19 वर्ष के बालक बालिका शामिल हुए। संभाग स्तर पर चयनित खिलाड़ी 22 सितंबर को सीहोर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

---

### हलधर का पूजन किया

## भाकिसं ने जयंती मनाई, किसान हितों की रक्षा का संकल्प लिया



**हरदा।** भारतीय किसान संघ तहसील हरदा द्वारा स्थानीय बलराम चौक में बलराम जयंती मना कर किसान हितों की रक्षा का संकल्प लिया। किसान संघ की जिला इकाई ने बलराम चौक पर स्थित भगवान बलराम के हलधर का पूजन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम आयोजित कर भगवान बलराम के गुणों की चर्चा की। संभागीय सदस्य रामकृष्ण मुकाती ने कहा कि भगवान बलराम कृषि आराध्य देवता हैं और किसानों के आदर्श है। भारतीय किसान संघ की स्थापना 4 मार्च 1979 को राजस्थान के कोटा में हुई थी इस दिन देश के 650 जनप्रतिनिधियों की प्रतिनिधि सभा में भारतीय किसान संघ की रीति नीति व कार्य पद्धति के आयाम तय करने के बाद उसके सतत क्रियान्वयन हेतु ध्येय वाक्य, ध्वज, नारे, प्रेरणा स्त्रोत व्यक्तित्व को कुल देवता के रूप में स्वीकार करने पर गहरी चर्चा हुई। जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने बतया की संगठन की रीति नीति में खेती करो और खेती ही करो का ध्येय वाक्य के साथ संगठन का राष्ट्रवादी एवं गैरराजनीतिक स्वरूप को दर्शाने हेतु कुल देवता के रूप में एक व्यक्तित्व का चुनाव करना था जिससे लिए सर्वसम्मति से भगवान बलराम को कुल देवता के रूप में अंगीकार किया था तब से लेकर आज तक भारतीय किसान संघ नियमित रूप से भगवान बलराम की आराधना करते आया है और हर साल जयंती मनाकर किसानों हितों की रक्षा के लिए संकल्प लेता है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि बलराम जयंती मनाने के साथ सभी तहसील एवं ग्राम इकाई स्तरीय भगवान बलराम की जयंती मनाई जाएगी जिसमें सैकड़ो कृषक एवं पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बलराम जयंती मनाने के दौरान तहसील अध्यक्ष अरुण पटवारे,मंत्री विनय यादव, जिलाध्यक्ष महेश शर्मा,प्रदेश मंत्री योगेंद्र भांभू, हरिशंकर सारण,राजेंद्र बांके, ब्रजमोहन राठौर मीडिया प्रभारी दीनबंधु गौर,जिला सहमंत्री बालकदास छापरे,ब्रजकिशोर छापरे,कैलाश जलावड़ा उपस्थित थे।

---

### युवाओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए सफाई अभियान चलाया

## मुक्तिधाम में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरुक



**रहटगांव।** सामाजिक कार्यक्रमों में हमेशा नगर के युवा श्रमदान करने में अग्रणी रहते हैं। फिर चाहे वह नदी की सफाई हो या कोई भी सामाजिक कार्य। युवाओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए गुरुवार को सफाई अभियान चलाया।

यह अभियान स्थानीय मुक्तिधाम पर एकत्रित होकर चलाया। मुक्तिधाम में व्यापारी बंधु, जनप्रतिनिधि एवं स्वयं सेवकों द्वारा मुक्तिधाम श्मशान घाट की सफाई की गई। इस दौरान मुक्तिधाम की खरपतवार साफ की। बड़े-बड़े वृक्षों की टहनियों की छटाई की। साथ ही मुक्तिधाम में पौधरोपण किया। इसमें आम, जाम, जामुन, नीम, बड़, पीपल सहित अनेक प्रकार के पौधे लगाए। इस दौरान ग्राम के सरपंच से मुक्तिधाम में व्यवस्थाओं के लिए कहा। इसमें मुख्य रूप से बिजली के खंभों में लाइट लगाने और समय समय-समय पर मुक्तिधाम की सफाई करवाने की बात कही। मुक्तिधाम में ग्रामिणों के सहयोग से बैठने के लिए कुर्सियां भी लगाई। युवाओं ने इस कार्य से गांव सहित आसपास के लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का काम किया है। गांव के युवा समय-समय पर सफाई और पौधरोपण का कार्य करते रहेंगे। गांव के युवाओं ने आगे आकर स्वच्छता और पौधरोपण की जिम्मेदारी ली है। इस आयोजन के दौरान युवाओं तथा ग्रामीणों ने मिलकर गांव सहित मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता रखने के साथ ही साथ समय-समय पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संकल्प लिया। युवाओं का कहना है गांव से ही शहर बनता है और शहर से जिला, जब गांव में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के कार्य होने लगेंगे तो यह कार्य अन्य लोगों को भी प्रेरित और जागरूक करेंगे। यहां उपस्थित लोगों ने कहा युवाओं के इस कार्य से अन्य गावों के लोगों को भी प्रेरणा मिल रही है। गांव के लोगों ने युवाओं के प्रयास और इस अभियान की सराहना की।

---

## सकल हिंदू समाज के लोगों ने एक्टिविस्ट के खिलाफ प्रदर्शन कर की कार्रवाई की मांग

### नेहरू स्टेडियम में इकट्ठा होकर रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शुक्रवार को सकल हिंदू समाज के लोगों ने एक एक्टिविस्ट के खिलाफ प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोग नेहरू स्टेडियम में इकट्ठा हुए और रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। नगर पालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया ने एक्टिविस्ट पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्टिविस्ट ने बिना तलाक लिए दूसरी शादी की है और उन्हें व उनके पति को ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए की मांग की। उन्होंने यह भी बताया कि पहले आनंद ने भाजपा पार्षद बिंदु गुर्जर पर झूठे आरोप लगाए थे। समाज के सदस्यों का कहना है कि आनंद सोशल मीडिया पर गलत माहौल बना रहे हैं। उन पर आरोप है कि वे वैदिक विद्यापीठम के संघ से जुड़े पूर्व प्रचारक निरंजन शर्मा की छवि खराब कर रहे हैं और व्यापारियों को ब्लैकमेल कर रहे हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर मुकाती ने कहा कि ऐसे लोगों से समाज में डर का माहौल बन रहा है। वहीं, दो दिन पहले आनंद जाट और उनकी पत्नी सोनम धामा ने पुलिस पर झूठे आरोपों में फंसाने का आरोप लगाया था। एक्टिविस्ट ने कार्रवाई न होने पर अनिश्चितकालीन धरने की भी चेतावनी दी थी।

---

### कलेक्टर ने कहा

## साइड पट्टी व रोड की तत्काल रिपेयरिंग करवाई जाएगी



**हरदा।** खिरकिया रोड के साइड शोल्डर ,रोड रिपेयर और फोर लेन के लिए ज्ञापन दिया। कलेक्टर ने कहा साइड पट्टी और रोड की रिपेयरिंग तत्काल की जाएगी और 20 दिन बाद रोड का काम शुरू होगा। जमना जैसानी फाउंडेशन ,व्यापारी संघ एवं समाज के प्रतिनिधि द्वारा हरदा से खिरकिया रोड के लिए ज्ञापन कलेक्टर को प्रेषित किया गया। ज्ञापन देते समय शांति कुमार जैसानी, व्यापारी संघ से सरगम जैन, सर्व ब्राह्मण समाज संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, गुर्जर समाज युवा अध्यक्ष नीरज खोरे, धीरज मूंदड़ा नार्मदीय समाज से अशोक पाराशर, असंगठित मजदूर संघ से अनिल वैद्य, नारायण राजपूत, अनीश अग्रवाल, अमित तोषनीवाल, धर्मेंद्र चौहान, राकेश सुरमा, दीपक दलवी, हरिओम शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान मांग की है कि हरदा से खिरकिया रोड में सुधार एवं साइड पट्टी भरी जाए। जिससे एक्सिडेंट न बचा जा सके। कलेक्टर के माध्यम से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को हरदा की जनता की और से फॉरवर्ड किया जाए। जिसमें नर्मदापुरम से हरदा और आशापुर तक फोर लेन बनाया जाए।। रोड के गड्ढे के कारण दुर्घटना में घायल लोगों को 2 लाख का मुआवजा दिया और एवं मृत लोगों को 4 लाख रुपयों आवंटित किए जाए। रोड के सारे गड्ढे अच्छी क्वालिटी की सीमेंट या डामर या अन्य से भरे जाए न कि पेवर ब्लॉक से भरे जाए।

### कुबेरेश्वरधाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक

**सीहोर।** देश और प्रदेश के मध्य कुबेरेश्वरधाम हमारे लिए आस्था का केन्द्र है, यहां पर होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव, भव्य कांवड यात्रा, गुरु पूर्णिमा का पर्व के साथ कंकर-कंकर में शंकर की पूजा अर्चना की जाती है। उक्त विचार जिला मुख्यालय पर पहुंचे मध्यप्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने कहे। इस मौके पर गुरुवार को प्रशासन और अपने स्टाफ के साथ पहुंचे मंत्री टेटवाल ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद ग्रहण किया। गुरुवार को पहुंचे मंत्री श्री टेटवाल का विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया और उन्होंने धाम की गतिविधियों का जायजा लिया। धाम पर आधुनिक भोजनशाला से हर रोज 25 हजार लोगों के लिए भोजन प्रसादी की निशुल्क व्यवस्था के साथ पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है।

---

### उद्यानिकी विभाग ने संचालित किया

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र कोलीपुरा विकासखंड हरदा में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य यद्यम उन्नयन योजना के संबंध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में हरदा जिले के पीएमएफएमई योजना में लाभान्वित हितग्राहियो को प्रथम दिवस में योजना का परिचय तथा मार्केटिंग ब्राडिंग की जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस में ऋण वितरण तथा वित्त प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी गई तथा तृतीय अंतिम दिवस में फूड डोमेन एफएसएसएआई तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा ईटीपी तथा आधार उद्यम की जानकारी डीएमके मेघा सुमन के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थियो व उद्यमियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान विजय सिंह, संतोष शुक्ला तकनीकी सहायक, अनिल गर्ग, योगेश तिवारी, महेन्द्र लोवंशी, अनिल गरीड एवं समस्त उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

---

## पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा छिलका जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया

### हंडिया थाना ने नशे के खिलाफ कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। हंडिया थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में डोडा छिलका जब्त किया। 28 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर कोलीपुरा की ओर जा रहा है। इस पर पुलिस ने नाकाबंदी कर कोलीपुरा पुलिया के पास से आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम संतोष उर्फ राकेश है, जो कोलीपुरा तलाई टप्पर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 8.642 किलो डोडा छिलका बरामद किया, जिसकी कीमत करीब 42 हजार 500 रुपए है। इसके अलावा आरोपी से 10 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह भदौरिया और उनकी टीम शामिल रही।

---

### हितग्राहियों की योजनाओं की राशि यूं ही गायब, ग्रामीणों में आक्रोश

## एसबीआई कियोस्क का बड़ा फर्जीवाड़ा, आवास और पेंशन की राशि हड़पी, थाने पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के श्यामपुर में भारतीय स्टेट बैंक के कियोस्क सेंटर का घोटाला उजागर हुआ है। श्यामपुर निवासी सजीदा बी पत्नी शिब्बू अली ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनके खाते में जमा प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त ₹25,000 और हर माह आने वाली पेंशन की राशि को कियोस्क संचालक ने फर्जी तरीके से निकाल लिया। सजीदा बी के अनुसार, 14 जुलाई को उनके एसबीआई खाते में योजना की राशि जमा हुई थी। जब वह कियोस्क सेंटर से पैसे निकालने गईं, तो संचालक लगातार करीब एक माह तक उन्हें टालता रहा और कहता रहा कि राशि अभी नहीं आई। आखिरकार उन्होंने बैंक से स्टेटमेंट निकलवाया तो सारा खेल सामने आया।

**मोबाइल नंबर से किया गया फर्जी लेन-देन :** बैंक स्टेटमेंट से खुलासा हुआ कि मोबाइल नंबर 9893104513 का उपयोग कर यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से धीरे-धीरे पूरी राशि निकाल ली गई। यह रकम पेंशन और योजना की किस्त दोनों को शामिल करती है। पीड़िता ने पुलिस को स्टेटमेंट भी सौंपा है। पीड़िता सजीदा बी ने साफ तौर पर आरोप लगाया कि कियोस्क सेंटर संचालक कल्याण नामक व्यक्ति ने ही उनके साथ धोखाधड़ी की है। उनके मुताबिक कल्याण ने जानबूझकर रकम निकाली और उन्हें गुमराह करता रहा।

**कई पेंशनधारियों के साथ गड़बड़ी :** सूत्रों के अनुसार यह धोखाधड़ी सिर्फ एक महिला के साथ नहीं, बल्कि कई पेंशनधारियों के साथ हुई है। संचालक उन्हें भी बार-बार पैसे न आने की बात कहकर टालता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग पिछले महीनों से चक्कर काट रहे हैं।

**पुलिस ने की जांच शुरू :** श्यामपुर थाना प्रभारी संध्या मिश्रा ने बताया कि पीड़िता का आवेदन पुलिस को प्राप्त हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब मोबाइल नंबर और कियोस्क संचालक की भूमिका खंगाल रही है।

#### सरपंच ने जताया आश्चर्य

श्यामपुर के सरपंच नवीन चौहान ने इस घटना पर हैरानी जताई और कहा कि सरकार ग्रामीणों को आवास योजना का लाभ दिला रही है, लेकिन बीच में ही फर्जीवाड़ा कर राशि हड़प ली जा रही है। उन्होंने पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है।

#### ग्रामीणों में आक्रोश

इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सरकारी योजनाओं की राशि तक सुरक्षित नहीं है, तो गरीब और बुजुर्गों को न्याय कैसे मिलेगा। अब सबकी नजरें पुलिस की जांच पर टिकी हुई हैं।